# राजस्व अपील प्राधिकारी, जयपुर

| तारीख हुक्म | हरबक्ष उर्फ़ रामलाल बनाम ओमप्रकाश<br>140/2026<br>हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
|---|---|---|
| 27/05/2026 | पत्रावली प्रस्तुत हुई \| अधिवक्ता उभयपक्ष उपस्थित \| अधिवक्ता उभयपक्ष की मौखिक बहस पत्रावली पर सुनी गयी \| संक्षेप में तथ्य प्रकरण इस प्रकार है कि अपीलार्थी ने अधीनस्थ न्यायालय के समक्ष एक वाद बाबत तकासमा एवं स्थाई निषेधाज्ञा का पेश किया, जिस पर अधीनस्थ न्यायालय द्वारा प्राथमिक निर्णय व डिक्री दिनांक 15/01/2025 पारित करते हुये तहसीलदार सांगानेर को वादग्रस्त आराजीयात वर्तमान खाता संख्या नया 32 पुराना 32 के खसरा नंबर 468 रकबा 0.3100 हैक्टेयर व खाता संख्या नया 25 पुराना 25 के खसरा नंबर 467/824 रकबा 0.0400 हैक्टेयर, खसरा नंबर 470 रकबा 0.0300 हैक्टेयर, खसरा नंबर 473 रकबा 0.1600 हैक्टेयर, खसरा नंबर 474 रकबा 0.0900 हैक्टेयर कुल किता 4 कुल रकबा 0.3200 हैक्टेयर वाकै ग्राम महल, पटवार हल्का जगतपुरा, भू०अ०नि० क्षेत्र लूनियावास, तहसील सांगानेर जिला जयपुर स्थित का विधि सम्मत मुताबिक हिस्सा राजस्व रिकॉर्ड बाई मीट्स एण्ड बाउण्ड्स उभयपक्षकारान् की उपस्थिति में तकासमा कर अलग-अलग खाता कायम कर कुर्रेजात रिपोर्ट तैयार किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये \| जिसकी पालना में कुर्रेजात रिपोर्ट अधीनस्थ न्यायालय के समक्ष प्रेषित किये गये, जिस पर मुताबिक कुर्रेजात रिपोर्ट अधीनस्थ न्यायालय द्वारा अन्तिम निर्णय व डिक्री दिनांक 03/12/2025 पारित करते हुये वाद डिक्री कर दिया गया \| जिससे व्यथित होकर अपीलार्थी द्वारा यह अपील इस न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत की गयी है \| जिस पर अधिवक्ता उभयपक्ष की मौखिक बहस पत्रावली पर सुनी गयी \|<br><br>अधिवक्ता उभयपक्ष की बहस पर गौर किया एवं पत्रावली का अवलोकन किया गया \| उद्धरित तथ्यों के परिपेक्ष्य में अधीनस्थ न्यायालय की पत्रावली का मय कुर्रेजात रिपोर्ट एवं अपीलाधीन निर्णय व डिक्री अवलोकन किये जाने से यह जाहिर होता है कि अधीनस्थ न्यायालय द्वारा अपीलाधीन अन्तिम निर्णय व डिक्री के माध्यम से मुताबिक कुर्रेजात पक्षकारान/सहखातेदारान के मध्य किया गया विभाजन न्यायोचित्त प्रतीत नही होता है \| ऐसी स्थिति में अपीलाधीन निर्णय व डिक्री को निरस्त कर पुन: विधिसम्मत निर्णय व डिक्री पारित करने हेतु प्रकरण अधीनस्थ न्यायालय को प्रतिप्रेषित किया जाना उचित समझा जाता है \|<br><br>अत: उपरोक्त विवेचन के आधार पर अधीनस्थ न्यायालय द्वारा पारित अपीलाधीन निर्णय व डिक्री दिनांक 03/12/2025 निरस्त किये जाकर प्रकरण अधीनस्थ न्यायालय को इन निर्देशों के साथ प्रतिप्रेषित किया जाता है कि वे पक्षकारान की समुचित सुनवाई कर विधिक प्रावधानों का अनुसरण करते<br><br>राजस्व अपील प्राधिकारी<br>जयपुर | |

# राजस्व अपील प्राधिकारी, जयपुर

## हरबक्ष उर्फ़ रामलाल बनाम ओमप्रकाश

| तारीख हुक्म | हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज | नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए |
| --- | --- | --- |
| 140/2026 | हुये विधिसम्मत निर्णय व डिक्री पुन: पारित करे। तदनुसार अपील स्वीकार की जाती है।<br><br>पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद तामील तकमील दाखिल दफ्तर हो।<br><br>निर्णय आज दिनांक 27/05/2026 को लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।<br><br>राजस्व अपील प्राधिकारी<br>जयपुर | |

न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी जयपुर